कार्यो से उत्पादन तथा रोजगार में निम्न प्रकार से प्रभाव पड़ा है:-

वर्ष	उत्पादन (रु0 लाख में)	रोजगार (संख्या)
1992-93	8,789.46	81,299
1993-94	9,947.76	89,918
1994-95	10,857,94	94,084

(ग) वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान गुजरात और बिहार राज्य के.वी.आई. बोर्डो से धन प्राप्त सहकारी और वैयक्तिक एककों की संख्या इस प्रकार हैं :-

राज्य	वर्ष	खादी		ग्रामोद्योग	
		सरकारी	वैयक्तिक	सरकारी	वैयक्तिक
गुजरात	1992-93	2	-	2	1534
	1993-94	2	-	6	1890
	1994-95	-	-	-	1434
बिहार	1992-93	-	-	-	-
	1993-94	7	-	-	78
	1994-95	-	-	-	44

*** आई.ए. एस. / आई.पी.एस. की परीक्षाओं में ओ.बी.सी. उम्मीदवार**

*378. **श्री ईश दत्त यादव** :

चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस वर्ष आई.ए.एस/आई.पी.एस./आई.एफ.एस. की परीक्षाओं में पिछड़े और अत्यन्त पिछड़े वर्गों के कई उम्मीदवारों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं,

(ख) यदि हां, तो ये उम्मीदवार किन-किन राज्यों से हैं, और

(ग) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से इनकी संख्या कितनी-कितनी है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : (क) से (ग) सिविल सेवा परीक्षा, 1994 में (परिणाम 23.6.1995 को घोषित) 31 अन्य पिछड़े वर्गो के उम्मीदवारों ने, जिन्होंने सामान्य श्रेणी के संस्तुत अंतिम उम्मीदवार से ऊपर का रैंक प्राप्त किया है, बिना कोई छूट/रियायत का लाभ उठाए सफलता प्राप्त की है। इन 31 उम्मीदवारों में से 8 उत्तर प्रदेश, 11 बिहार, 3 आन्ध्र प्रदेश, 6 तमिलनाडु, 2 कर्नाटक तथा एक महाराष्ट्र से है।

Ischemic Heart Diseases

*379. SHRI O.P. KOHLI : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether 10% people in Delhi suffer from various levels of ischemic heart disease as per the survey conducted jointly by the AIIMS and Sita Ram Bharatia Institute;

(b) if so, whether Indians are more prone to this heart disease than people in Malaysia, China, Britain or the USA;

(c) if so, the steps taken or proposed to be taken for prevention as well as treat ment of ischemic heart disease, particu larly in Delhi?